Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to control floods due to Indrayani and Pawana river in Pimpri-Chinchwad and Mawal region in Maharashtra.

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, महाराष्ट्र के पुणे डिस्ट्रिक्ट में बाढ़ आई है, जिसके बारे में मैं यहां बोलने के खड़ा हुआ हूं । मेरे चुनाव क्षेत्र पिंपरी-चिंचवड में बारिश की वजह से बहुत बड़ा इलाका प्रभावित है । मावल इलाके में सबसे ज़्यादा बारिश होती है । वहां से बहने वाली इन्द्रायणी और पौना नदी में सबसे ज़्यादा बाढ़ आई है । पिंपरी-चिंचवड शहर को स्मार्ट सिटी में समाविष्ट किया गया है । पौना और इन्द्रायणी नदी के सुधार हेतु राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है । केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है । अगर इन्द्रायणी और पौना नदी के सुधार हेतु केन्द्र सरकार मंजूरी दे दे तो निश्चित रूप से आगे चलकर जान-माल का नुकसान नहीं होगा और पिंपरी-चिंचवड शहर में नदी किनारे रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी । मैं आपके द्वारा सरकार से विनती करता हूं कि पौना और इन्द्रायणी नदी के सुधार हेतु केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिले । धन्यवाद ।